# मंदिर से लौट रहे मानसिक रोगी की पिटाई, मौत

## मानसिक रूप से बीमार युवक की पिटाई के बाद मौत,हनुमान मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था युवक

**मरने से पहले बताए हमलावरों के नाम बिना किसी विवाद के मारपीट का मामला**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 जुलाई, का. राजगढ़ जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र में एक मानसिक रूप से बीमार युवक की कथित पिटाई के बाद मौत का मामला सामने आया है. परिजनों का आरोप है कि गांव के ही तीन लोगों ने रास्ते में रोककर युवक पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला किया. गंभीर रूप से घायल युवक को पहले माचलपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.**

परिजनों का दावा है कि युवक ने मौत से पहले हमलावरों के नाम भी बताए थे. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था युवक

घटना माचलपुर थाना क्षेत्र के ब्राह्मण गांव की है. मृतक की पहचान 35 वर्षीय बालचंद दांगी के रूप में हुई है. परिजनों के मुताबिक, बालचंद मानसिक रूप से अस्वस्थ था और बुधवार शाम माचलपुर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने गया था. रात करीब 8 बजे वह पैदल अपने गांव लौट रहा था. इसी दौरान माचलपुर से करीब एक किलोमीटर पहले कथित तौर पर गांव के ओमप्रकाश दांगी अपने दो रिश्तेदारों—राजस्थान के देवनगर निवासी गिरिराज दांगी और मुकेश दांगी के साथ मिला. परिजनों का आरोप है कि तीनों ने बालचंद को रोक लिया और बिना किसी विवाद के उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. लाठी-डंडों के साथ लात-घूंसों से भी हमला किया गया. हमले के दौरान उसके चेहरे, आंख, सीने और कमर पर लगातार वार किए गए. मारपीट इतनी गंभीर थी कि बालचंद सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा और उठ नहीं सका. आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डायल-112 की सहायता से उसे माचलपुर अस्पताल पहुंचाया गया.



**मरते समय बयान में हमलावरों के नाम बताने का दावा**



परिजनों ने दावा किया है कि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने देखा कि उसकी एक आंख काली पड़ चुकी थी, होंठ बुरी तरह सूज गए थे, चेहरे और शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे और मुंह से खून निकल रहा था . परिवार का दावा है कि गंभीर हालत के बावजूद बालचंद ने इशारों और टूटी हुई आवाज में तीनों आरोपियों के नाम बताए . परिजनों का यह भी कहना है कि उन्होंने इस दौरान उसका वीडियो भी बनाया, जिसमें वह कथित तौर पर हमलावरों का नाम ले रहा है . पुलिस ने इस दावे पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है . माचलपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर कर दिया . परिजन उसे निजी वाहन से लेकर रवाना हुए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई . गुरुवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया . इसके बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया .

### आरोपियों पर हो हत्या का केस

घटना के बाद ब्राह्मण गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है. परिजनों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और हत्या के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है. उनका कहना है कि मानसिक रूप से बीमार युवक के साथ जिस तरह की मारपीट की गई, वह बेहद अमानवीय है. पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. यदि जांच में परिजनों के आरोप और अन्य साक्ष्य पुष्ट होते हैं, तो आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी.

### ट्रेन से टकराने से युवक की मौत

**करनवास 30 जुलाई, सं.** समीपस्थ ग्राम किशनपुरिया तालाब निवासी एक युवक की ट्रेन से टकराने से मौत हो गई. युवक टक्कर के बाद बुरी तरह घायल हो गया, काफी खून बहने से उसने दम तोड़ दिया. युवक की पहचान मुकेश पिता रामचरण कुशवाह निवासी किशनपुरिया तालाब के रूप में हुई है.

युवक खेती मजदूरी का काम करता था. युवक की शादी हो चुकी है और उसके दो छोटे बच्चे भी है. युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. साथ ही गांव में भी शोक व्याप्त है. जीआरपी पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया. जहां पीएम उपरांत शव परिजनों का सौंपा गया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में ले लिया है.

### संसार को सपना, भगवान को अपना मानोगे तो बेड़ा पार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 जुलाई, सं.** नगर के समीप मोतीपुरा जोड़ स्थित सामाजिक परिसर में आयोजित एक दिवसीय सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम में कथावाचक प्रेमनारायण गेंहुखेड़ी ने कहा कि यदि मनुष्य संसार को सपना और भगवान को अपना मान ले, तो उसका जीवन सफल हो सकता है तथा वह भवसागर से पार हो जाएगा. उन्होंने कहा कि यह संसार क्षणभंगुर और नश्वर है, लेकिन इसकी सुंदरता और मोह-माया में फंसकर मनुष्य इसे ही अपना मान बैठता है. इसी मोह के कारण वह भगवान से दूर होता जाता है.

प्रवचन के दौरान उन्होंने जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र भी बताए. उन्होंने कहा कि मनुष्य को मन, कर्म और वचन से ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी का मन दुखे. साथ ही सांसारिक जीवन में अपने सभी कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए. तीसरी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि व्यक्ति को अपने श्रम और ईमानदारी की कमाई से ही भोजन और वस्त्र ग्रहण करने चाहिए. कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रताप मण्डलोई, हेमराज कल्पोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, बापू सिंह तंवर, प्रताप सिंह सिसोदिया, चंदर सिंह तोमर, राधेश्याम चौहान करेड़ी, भरत मण्डलोई, चंदन गोस्वामी, मदन सिंह खेरासी, लखन यादव, संदीप मण्डलोई, विनोद पड़िया सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

## एक नजर में

### मुआवजा विसंगति पर किसान महापंचायत आज

**सुठालिया 30 जुलाई, सं.** सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित 65 गांवों के किसानों की वर्षों से लंबित मुआवजा विसंगति के समाधान की मांग को लेकर आज 11 बजे डैम स्थल पर विशाल विशेष किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी. डैम संघर्ष समिति, सुठालिया सिंचाई परियोजना (65 गांव) ने सभी डैम प्रभावित किसानों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचकर अपने अधिकारों की आवाज़ को मजबूत करें तथा आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग दें. महापंचायत में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, पूर्व विधायक चांचौड़ा श्रीमती ममता मीना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गुना बल्लू चौहान, पूर्व विधायक ब्यावरा रामचन्द्र दांगी तथा पूर्व विधायक ब्यावरा पुरुषोत्तम दांगी सहित विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे .समिति ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसान प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी महापंचायत में शामिल होकर डैम प्रभावित किसानों के साथ हो रहे मुआवजा संबंधी अन्याय के विरुद्ध अपनी एकजुटता व्यक्त करेंगे .

### 3 मौतों से नगर हुआ गमगीन



**छापीहेड़ा 30 जुलाई, सं.** बुधवार का दिन संपूर्ण नगर में दुखद वातावरण पसर गया. जब नगर मेडतवाल समाज के 80वर्षीय जानकीवल्लभ टांक का निधन हो गया . बीमारी के कारण वह इंदौर में एडमिट थे . बुधवार की सुबह उनके निधन का समाचार मिला ही था कि समीपस्थ ग्राम मोहन मेडतवाल समाज के स्व .लक्ष्मीनारायण गुप्ता की धर्मपत्नी 80 वर्षीय लीलाबाई के निधन का समाचार मिला . इन समाचारों से नगर मेडतवाल समाज शोकमय हो गया . स्वर्गीय टांक का अंतिम संस्कार शाम 4बजे स्थानीय सेदरा रोड स्थित मुक्तिधाम में हुआ .जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल हो श्रद्धांजलि अर्पित की. मुखाग्नि पुत्र वृंदावन ने दी . वही स्व .लीलाबाई का अंतिम संस्कार ग्राम मोहन में हुआ .मुखाग्नि पुत्र गिरिराज ने दी . वही दोपहर में नगर कुशवाह समाज के 65 वर्षीय भंवरलाल कुशवाह के दिवंगत होने का समाचार मिला . आज गुरुवार को नगर के जीरापुर रोड स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया . मुखाग्नि पुत्र सुरेश ने दी .

### ढाकनी से कपिलेश्वर धाम तक कावड़ यात्रा

**पडाना 30 जुलाई, सं.** सावन के पहले गुरुवार को ग्राम ढाकनी के मंगलेश्वर महादेव मंदिर से कालीसिंध नदी के बीच स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर तक 15 किलोमीटर की पैदल कावड़ यात्रा निकाली गई . वीर शिवाजी संगठन के बैनर तले 20 कावड़ियों ने इस यात्रा में भाग लिया . यात्रा का उद्देश्य अच्छी वर्षा, गांव की सुख-समृद्धि और युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना रहा . ढाकनी में नगर भ्रमण के बाद जत्था बिलोदा पाल, जमानगंज, खासपुरा, बिगनोदीपुरा होते हुए कपिलेश्वर धाम पहुंचा . रास्ते भर बम-बम भोले और जय श्री रामके जयकारे गूंजते रहे . गांव वालों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा, जलपान और नाश्ते की व्यवस्था की . मंदिर में विधिवत जलाभिषेक और महाआरती के साथ क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना की गई .

# नि :शुल्क साइकिल वितरण



नवभारत न्यूज

**तलेन 30 जुलाई, सं.** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को नगर के पीएम श्री विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला एवं नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव ने किया. अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री रूहेला ने कहा कि आज गुरु पूर्णिमा के दिन साइकिल वितरण कर हम यह प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा दूरी के कारण स्कूल जाने से वंचित न रहे.

वही नपं अध्यक्ष नारायण सिंह यादव के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छात्र-छात्राओं को अच्छा पढ़ने, परीक्षाओं में अच्छे अंक लाकर अपने नगर एवं माता-पिता का नाम रोशन करने तथा छात्रों को सरकार एवं शासन के द्वारा दी जाने वाली योजना के बारे में बताया.

कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, चंदर सिंह यादव उस्ताद, शिव प्रसाद शर्मा, पार्षद कैलाश नारायण यादव, वरिष्ठ पत्रकार अवध नारायण उपाध्याय, मानसिंह यादव फौजी सरकार, एल्डरमैन रमेश राठौर, पवन यादव, पत्रकार प्रमोद सिंह राजपूत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. अंत में सभी अतिथियों ने साईकिल वितरण किया.

### कलम भेंट कर किया गुरुजनों का सम्मान

**ब्यावरा 30 जुलाई,का.** समीपस्थ ग्राम चाठा के शासकीय हाईस्कूल में गुरुपूर्णिमा का पर्व महर्षि सांदीपनी गुरुपर्व के रूप में हर्ष एवं उल्लास से मनाया गया . माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने संस्था में पदस्थ समस्त स्टाफ सदस्यों का कलम भेंटकर सम्मान किया गया . कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य के .एल .जाटव ने गुरुपर्व का महत्व बताते हुए जीवन में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला . संचालन शिक्षक संजय सिंह यादव ने किया .इस अवसर पर संस्था के शिक्षक के .पी .शाक्यवार, श्रीमती मनीषा सक्सेना, नरेंद्र कुमार, संजेश कुमार मारु, गरिमा शर्मा, सुरेश वर्मा, भूपेंद्र रघुवंशी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये .



# मेड़तवाल समाज ने सती माता, भैरव महाराज का किया पूजन

## थोदिया गोत्र एवं जमींदार परिवार ने किया सामूहिक पूजन

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 30 जुलाई, सं.** गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व मेडतवाल समाज के थोदिया गोत्र जमींदार परिवार के द्वारा परम्परा अनुसार धूमधाम से मनाया गया.

थोदिया गोत्र के समस्त महिला पुरुष बच्चे सामुहिक रूप से बड़ा रावला से एक जुलूस के रूप में एकत्रित होकर परोलिया रोड़ स्थित गोत्र की सतीमाता मंदिर पहुंचे. जहां पर विधि-विधान से पूजा अर्चना हुई. कुशवाह एवं भावसार मोहल्ला के मध्य स्थित गली में भैरव महाराज की पूजा अर्चना एवं आरती उतारी.

इस दौरान स्वपनील व्यास ने सम्पूर्ण पूजा अर्चना करवाई. सती माता मंदिर परिसर में हुऐ निर्माण कार्य एवं विगत वर्ष कि आय व्यय की जानकारी दिनेश जमींदार ने दी. भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था रमेशचंद्र गुप्ता जमींदार मोहन बड़ोदिया के द्वारा की गई. इस मौके पर अनिल, मनोज, किशोर मेडतवाल, रामबाबू, दिनेश, मुकेश चौधरी, गोविन्द किराना इंदौर, सुरेन्द्र सिंह जमींदार, उमेश सिंह ठा.पुरूषोत्तम सिंह जमींदार, मोहनसिंह जमींदार, पुरूषोत्तम सिंह जमींदार अन्टा वाला, जगदीश जमींदार गाड़ी अड्डा वाले, हजारीलाल जमींदार कन्डक्टर, राजेश जमींदार कालु, उमेश सिंह रामगढ़ उपस्थित रहे.

# रिहायशी इलाके में नर्क जैसे हालात, बीमारियों का खतरा

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 30 जुलाई, सं. नगर के बीच स्थित आवास कॉलोनी छापी डैम के समीप लगे मीट मार्केट के कारण स्वच्छता की पोल खुल रही है. नगर का यह मीट मार्केट आज गंदगी का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है, जहां इंसान का खड़ा रहना भी दूभर हो गया है.**

मार्केट के पीछे खाली मैदान में मरी हुई मछलियां, उनके कटे हुए सड़े टुकड़े, मुर्गा-मीट वेस्ट और जानवरों के अवशेष कीचड़, प्लास्टिक और पॉलिथीन के बीच खुले में सड़ रहे हैं.

जगह-जगह हड्डियों और खून से सनी पॉलिथीन के ढेर लगे हैं. इस सड़े हुए वेस्ट को कौवे, कुत्ते और आवारा मवेशी नोच-नोच कर उस रहवासी इलाके में फैलाते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भयावह दुर्गंध फैली हुई है.

मीट मार्केट का गंदा पानी नाली के माध्यम से छापी डैम में भी मिल रहा है. इसी डैम का पानी शुद्ध पेयजल के रूप में नगरवासियों को सप्लाई किया जाता है. इस कारण लोगों को पीने के पानी में अशुद्धि और बदबू की शिकायतें मिलती रहती हैं.



**बीमारियों का खतरा, लोग आक्रोशित** -स्थानीय रहवासियों का कहना है कि गर्मी और बरसात में यहां मच्छर, मक्खी और कीड़े इतने बढ़ जाते हैं घरों में बैठना मुश्किल हो गया है. टाइफाइड, डायरिया और स्किन की बीमारियों का खतरा लगातार होने की संभावना बनी है.

क्षेत्र के रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मीट मार्केट को तुरंत नगर की सीमा से बाहर शिफ्ट किया जाए. उन्होंने मांग कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

हालांकि पूर्व में अनेकों बार प्रशासन, नगर परिषद को समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित कर यह सारा मामला संज्ञान में लाया जा चुका है. इतना ही नहीं इस मामले में विधायक हजारीलाल दांगी ने हस्तक्षेप कर विगत वर्ष पत्रकारों जनप्रतिनिधियों, एवं नागरिक गणों के साथ मौका देखकर तत्काल मीट मार्केट हटवाने तथा शुद्ध जल सप्लाई के लिए निर्देशित किया था लेकिन नगर परिषद ने इस समस्या को अनदेखा किया. जल शाखा प्रभारी सुनील नागर का कहना कि नगर में तीन टंकियां है जिनमें ट्यूब वेल से तथा बीच-बीच में फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई किया जाता है.

# गुरु पूर्णिमा पर भव्य भजन संध्या हुई

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 30 जुलाई,का.** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के राम लाला मंदिर स्थित पूज्य संत जगदानंद महाराज की पावन समाधि स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया.

इस अवसर पर चन्द्रकांत गुरु जी ने भी गुरु महाराज की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया. बताया जाता है कि पूज्य जगदानंद महाराज की सत्संग परंपरा पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर चली आ रही है. इसी परंपरा के अंतर्गत प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाता है. कार्यक्रम में भोपाल, जबलपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए भजन गायकों एवं कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया.

# शिवालयों में अभिषेक का दौर शुरू

नवभारत न्यूज

**पडाना 30 जुलाई, सं.** श्रावण मास के प्रथम दिवस गुरुवार को नगर सहित आसपास के गांवों में शिवमय माहौल देखने को मिला. सुबह से ही शिवालयों में भक्तों पहुंचे और मंदिर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे. प्रात:काल विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रों के साथ रुद्राभिषेक किया. श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, पुष्प, दूध, दही और पंचामृत अर्पित कर धूप-दीप से पूजा-अर्चना की. कई जगहों पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को और भक्तिमय बना दिया.

**रामेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आयोजन** - नगर के प्रसिद्ध श्री रामेश्वर महादेव मंदिर और झीरी स्थान पर पहले दिन से ही विशेष पूजन शुरू हो गया. सुबह से जलाभिषेक का सिलसिला लगातार चलता रहा. मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पूरे श्रावण माह हर सोमवार और अन्य तिथियों पर विभिन्न प्रकार के अभिषेक किए जाएंगे. प्रथम दिवस के पूजन में श्री रामेश्वर महादेव मंदिर पर दिनेश पाटीदार सहित अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु शामिल हुए. सभी ने भगवान से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की.

**नाराजगी** दो माह बाद भी नहीं मिला गैस कनेक्शन, एलपीजी बंद करने के संदेश भेज रही कंपनी

# गैस कंपनी और वितरक के प्रति टूट रहा भरोसा

**नए कनेक्शन शुरू करने में कंपनी की रुचि नहीं**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 जुलाई,का. पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती कीमतों और सीमित उपलब्धता को देखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकारें पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी ) जैसे वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा दे रही हैं दूसरी ओर जिले में गैस वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली इस उद्देश्य पर सवाल खड़े कर रही है. कंपनी और वितरक द्वारा सेवाओं के प्रति गंभीरता नहीं बरतने से उपभोक्ताओं को विश्वास उठता जा रहा है और सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है.**

एक ओर कंपनी लोगों को जल्द पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए संदेश भेज रही है, वहीं दूसरी ओर आवेदन और भुगतान के दो माह बाद भी नए उपभोक्ताओं को कनेक्शन चालू नहीं किया जा रहा है.

शहर के बायपास रोड स्थित फलोदी कॉलोनी निवासी एक उपभोक्ता ने बताया कि उन्होंने करीब दो माह पहले घरेलू पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन कर निर्धारित भुगतान करने के साथ ही सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं. इसके बाद कंपनी ने 15 मई 2026 को कनेक्शन न. 303340055998 भी जारी कर दिया, लेकिन आज तक गैस सप्लाई शुरू नहीं की.

उपभोक्ता का कहना है कि फलोदी कॉलोनी में पहले से थिंक गैस की पाइपलाइन बिछी हुई है और कई परिवार घरेलू गैस का उपयोग भी कर रहे हैं. इसके बावजूद नए कनेक्शन को चालू करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है. इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया गया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला. अब उपभोक्ता मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत करने की तैयारी कर रहा है.

**कलेक्टर और कमिश्नर ने दिये थे निर्देश** - अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की कमी की स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर ने गत 2 अप्रैल 2026 को सीजीडी टास्क फोर्स की बैठक में थिंक गैस कंपनी को शहर में गैस आपूर्ति एवं कनेक्शन विस्तार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए थे. इसके बाद 22 जून को जिले के दौरे पर आये भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने भी गैस कनेक्शन विस्तार की समीक्षा की थी. बावजूद इसके नए कनेक्शन शुरू करने और पाइपलाइन विस्तार की गति में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है.

**एलपीजी बंद करने की चेतावनी** - थिंक गैस की ओर से उपभोक्ताओं को लगातार संदेश भेजे जा रहे हैं कि भारत सरकार की 24 मार्च 2026 की अधिसूचना के अनुसार जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां पीएनजी कनेक्शन लेना आवश्यक है. कंपनी के संदेश में कहा गया है कि यदि 22 सितंबर 2026 तक पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया गया तो सरकार के निर्देशानुसार संबंधित घरों में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बंद की जा सकती है. ऐसे में जिन उपभोक्ताओं ने आवेदन और भुगतान कर दिया है, वे समय पर कनेक्शन नहीं मिलने से असमंजस और चिंता की स्थिति में हैं.

### शिव प्रताप नगरवासियों ने की मांग

शहर की भंवर कॉलोनी और फलोदी कॉलोनी में गैस पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, लेकिन इनके बीच स्थित शिव प्रताप नगर आज भी पाइपलाइन सुविधा से वंचित है I कॉलोनी के करीब दो दर्जन परिवार लंबे समय से पाइपलाइन विस्तार कर घरेलू पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग कर रहे है . दुर्भाग्य का विषय है कि अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई . खुजनेर रोड़ और बायपास रोड के आसपास के क्षेत्र में ही थिंक गैस कंपनी द्वारा पाईप लाइन बिछाने का काम किया है . जबकि नगर का करीब 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा वैकल्पिक घरेलू गैस सुविधा से वंचित है . कई वर्षों से विस्तार का कार्य बंद पड़ा हुआ है .

मानसून की वजह से कनेक्शन को जोड़ने में देरी हो रही है . जहां लाइन बिछी है वही उपभोक्ता कनेक्शन नहीं ले रहे है, इसलिय नगर के अन्य हिस्से में विस्तार की अभी फिलहाल कोई योजना नही हैं .

**मनीष विश्वकर्मा**
**पीएनजी हेड,**
**थिंक गैस, भोपाल**

